THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF WELFARE (SHRI GIRIDHAR GOMANGO): (a) This Ministry has no information.

(b) Does not arise.

बिहार के दरभंगा जिले के पचादी गांव में अनुसूचित जाति के लोगों पर अत्याचार

1341. **श्री हुक्मदेव नारायण यादव :** क्या कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि कुछ संसद सदस्यों ने 20 सितम्बर 1985 को प्रधान मंत्री को एक पत्र लिख कर यह मांग की थी कि बिहार के दरभंगा जिले में केवटी थाना के अंतर्गत पचादी गांव में अनुसूचित जाति के लोगो पर किए जा रहे अत्याचारों को रोका जाए ; और

(ख) यदि हां, तो इस मामले में अब तक क्या कार्यवाही की जा रही है ?

कल्याण मंत्रालय में उपमंत्री (श्री गिरिधर गोमागो): (क) और (ख) बिहार के दरभंगा जिले में पचादी गांव में अनुसूचित जातियों पर अत्याचारों को रोकने की मांग के विषय में किसी संसद सदस्य से 20 सितम्बर, 1985 को इस प्रकार का कोई पत्र प्रधान मंत्री को प्राप्त हुआ प्रतीत नही होता । तथापि श्री हुक्मदेव नारायण यादव, संसद सदस्य ने बिहार के दरभंगा जिले में पचादी गांव में अनुसूचित जातियों पर अत्याचारों के आरोपों के विषय में बिहार के मुख्य मंत्री को भेजे गये अपने ता० 20 अगस्त, 1985 के पत्र की प्रति प्रधान मंत्री को पृष्ठांकित की थी। बिहार राज्य सरकार के साथ मामला उठाया गया है ।

गुजरात के मुख्य मंत्री की कृषि मंत्री से मुलाकात

1342. **श्री रामसिंहभाई पटलीयाभाई राठवा :** (क) क्या यह सच है कि गुजरात के मुख्य मंत्री तथा कृषि ग्रामीण विज्ञान एवं खाद्य और पूर्ति मंत्री गुजरात में खाद्य एवं कृषि की स्थिति तथा सूखा व बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों के लिए सहायता देने के संबंध में हाल ही में कृषि मंत्री तथा कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री से मिले थे; और

(ख) सरकार इस मामले में क्या कार्यवाही कर रही है ?

कृषि और सहकारिता विभाग में राज्य मंत्री (श्री योगेन्द्र मकवाणा) : (क) और (ख) भारत सरकार के पास उपलब्ध जानकारी के अनुसार 1985-86 में गुजरात में कोई बाढ़ नहीं आयी । गुजरात के मुख्यमंत्री 17-10-85 को कृषि राज्य मंत्री और कृषि और ग्रामीण विकास मंत्री से मिले थे और गुजरात के कुछ भागों में सूखे की स्थिति का सामना करने के लिए केन्द्रीय सहायता हेतु अनुरोध किया था । उन्हें राज्य में सूखे की स्थिति के संबंध में राज्य सरकार की ओर से ज्ञापन प्रस्तुत करने के लिये अनुरोध किया गया । तत्पश्चात् ज्ञापन प्राप्त हुआ और एक केन्द्रीय दल ने राज्य का दौरा किया । इस केन्द्रीय दल की रिपोर्ट की प्रतीक्षा है । रिपोर्ट के प्राप्त होने पर केन्द्रीय सहायता की मात्रा पर विचार किया जायेगा । तथापि, सीमान्त धनराशि के केन्द्रीय अंश के रूप में 14.375 करोड़ रुपये की धनराशि नियुक्त की गई है ताकि राज्य सरकार केन्द्रीय सहायता की मंजूरी जारी होने तक सूखा राहत कार्यों को चला सके ।

Drinking water supply in Bangalore

1343. SHRI M. BASAVARAJU: Will the Minister of URBAN DEVELOPMENT be pleased to state:

(a) whether Government are aware that there is scarcity of drinking water in Bangalore;

(b) whether Government have received "Cauvery Water Supply